एक नजर में

सुरक्षा जवानों को सिखाए खुश रहने के गुर

इंदौर, . प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के सुरक्षा सेवा प्रभाग के द्वारा चलाए जा रहे अभियान स्व सशक्तिकरण से राष्ट्र सशक्तिकरण के इंदौर पहुंचने पर अनेक सुरक्षा संगठनों, चिकित्सा एवं शैक्षणिक संस्थानों में तनाव मुक्ति एवं स्व सशक्तिकरण के कार्यक्रम आयोजित किए गए जिसमें सदा खुश रहने और श्रेष्ठ जीवन जीने के गुर सिखाए गए . बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स के जवानों को संबोधित करते हुए दिल्ली पुलिस के इंस्पेक्टर एवं लाइफ कोच बीके संजीव भाई ने कहा कि दुनिया वह नहीं करती जो हम कहते हैं, बल्कि वह करती है जो हम करते हैं . अत : दूसरों को सिखाने के लिए खुद को करके दिखाना होगा . आपने तनाव मुक्त रहने का मूल मंत्र बताया कि स्थिति कैसी भी हो खुशी कभी गुम ना हो . हमें सृष्टि रंगमंच पर मिले अपने रोल के बदले अपनी सोल पर ध्यान देना है अर्थात आत्म स्वरूप में स्थित रहना है . कार्य क्षेत्र का तनाव घर लेकर न जाए . मुस्कान को आपकी पहचान बनाएं . विशाखापट्टनम से पधारी माधुरी बहन ने सभी को राजयोग की अनुभूति कराई तथा ब्रह्माकुमारीज के मेडिकल प्रभाग की जोनल कोऑर्डिनेटर ब्रह्माकुमारी उषा दीदी ने सभी को नशा मुक्त जीवन एवं पर्यावरण को स्वच्छ रखने की प्रतिज्ञा कराई . 3 जुलाई ज्ञान शिखर ओमशांति भवन में विशेष कार्यक्रम के साथ अभियान का समापन समारोह होगा।

जो सप्त व्यसन में नहीं लगा, वही सच्चा श्रावक

इंदौर . आचार्य सुनील सागर महाराज के शिष्य मुनि सम्बुद्ध सागर महाराज का मंगल प्रवेश महावीर जिनालय संगम नगर में हुआ . रास्ते भर समाज जनों ने मुनि श्री का पाद प्रक्षालन किया एवं आरती उतारी .मुनि श्री ने अपने प्रवचन में कहा कि सभी लोग मिलकर रहो तथा सभी जीवों के प्रति वात्सल्य एवं क्षमा का भाव रखो . समाज भी एक परिवार है, एक दूसरे में दोष मत देखो .मुनि श्री सम्बुद्ध सागर जी महाराज ने कहा कि एक अच्छे श्रावक की पहचान है मद्द, मांस, मधु का त्याग होना। जो व्यक्ति सप्त व्यसन में नहीं लगा, वही सच्चा श्रावक है . दिगंबर जैन समाज सामाजिक संसद के प्रचार प्रमुख सतीश जैन ने बताया कि आज प्रात: अभिषेक के पश्चात मुनि श्री के मुखाग्र बिंद से वृहद शांति धारा हुई . शांति धारा करने का सौभाग्य पारस जैन एवं सतीश-अमित जैन के परिवार को प्राप्त हुआ . इस अवसर पर श्री मनोज जैन, सतीश जैन ,सुबोध कासलीवाल, अमित जैन, पीयूष जैन, डॉ प्रदीप बांझल, संदीप जैन, रमेश चंद जैन, नानकचंद बांझल, अभिषेक जैन,संपत जैन सहित बहुत अधिक संख्या में समाजजन उपस्थित थे .

डॉ . श्रीवास्तव को उत्कृष्ट चिकित्सा सेवा सम्मान

महू . राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के उपलक्ष्य में मध्य क्षेत्र के लिए आयोजित उत्कृष्ट चिकित्सा सेवा सम्मान समारोह में शहर के होम्योपैथी चिकित्सक डॉ. अनुपम श्रीवास्तव का उनकी चिकित्सा उपलब्धियों के लिए सम्मान किया गया . भारत विकास परिषद एवं वेदा कैंसर एवं मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल उज्जैन के तत्वावधान में आयोजित इस सम्मान समारोह में सभी चिकित्सा विधाओं के चिकित्सकों को सम्मानित किया गया . होम्योपैथी क्षेत्र के लिए ये सम्मान डॉ. श्रीवास्तव को दिया गया . कार्यक्रम में अतिथि के रूप में डॉ . नितिन राणे कुलपति अवंतिका यूनिवर्सिटी उज्जैन, डॉ. शरद नायक, डॉ. संतोष शर्मा, डॉ. संजय गोकुलदास मौजूद थे . इस उपलब्धि पर डॉ . अनुपम श्रीवास्तव को शहर की अनेक संस्थाओं द्वारा बधाई प्रेषित की गई है .

पत्रकार चंदू गुप्ता की धर्मपत्नी निर्मला गुप्ता का आकस्मिक निधन

इंदौर . श्री नागर चितौड़ा वैश्य महाजन समाज के समाजसेवी एवं वरिष्ठ पत्रकार

चंदू गुप्ता की धर्मपत्नी निर्मला गुप्ता (66) का निधन हो गया . वे डॉ. प्रियंका (मेडिकल ऑफिसर, भारतीय स्टेट बैंक ग्वालियर), मयंक (ज़ोनल मैनेजर, इंड्यूरेन्स, पुणे), दीपाश्री (संयुक्त कलेक्टर) की माताजी एवं डॉ . वरुण नीखरा (डेंटल सर्जन, ग्वालियर) एवं रोहित काशवानी (आईपीएस, एस .पी . विदिशा) की सासुजी थी और अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़कर चली गई हैं . श्रीमती निर्मला जीवन पर्यन्त धार्मिक एवं सामाजिक कार्यों में अग्रणी रही . मृत्यु के ठीक पहले वे चार धाम की यात्रा सम्पन्न कर हरिद्वार से इंदौर लौट रही थीं, इस दौरान दिल्ली-मुंबई राजमार्ग पर दौसा के निकट हुई भीषण दुर्घटना में गम्भीर चोट लगने से उनका निधन हो गया . दौसा जिला अस्पताल से उनका पार्थिव शरीर लेकर परिजन रवाना हो गए हैं . उनकी अंतिम यात्रा शुक्रवार 3 जुलाई को सुबह 11 बजे निज निवास पंचामृत 129, देवेन्द्र नगर, अन्नपूर्णा पावर हाउस के आगे से राजीव गाँधी चौराहा स्थित रीजनल पार्क मुक्ति धाम जाएगी .

सेज यूनिवर्सिटी के सामने भीषण सड़क हादसा, दो युवकों की मौत

▶ तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से सड़क पार कर रहे युवक की जान गई

नव भारत न्यूज

इंदौर. राऊ थाना क्षेत्र में सेज यूनिवर्सिटी के सामने हुए भीषण सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई. बुधवार शाम हुई इस भीषण दुर्घटना में सड़क पार कर रहे एक राहगीर और बेहद तेज गति से आ रहे मोटरसाइकिल चालक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया. पुलिस ने मर्ग कायम कर शवों को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजकर जांच शुरू कर दी है.

एडिशनल डीसीपी अमरेंद्र सिंह के अनुसार, मृतकों की पहचान नरपत सिंह चौहान उम्र 22 साल निवासी अलीराजपुर और अयान उम्र 22 साल निवासी सोनवाय, पीथमपुर रोड के रूप में हुई है. नरपत सिंह इंदौर में रहकर काम करता था और शाम को ड्यूटी से लौटते समय सड़क पार कर रहा था, तभी राऊ की ओर से आ रही तेज रफ्तार बाइक ने उसे अपनी चपेट में ले लिया. टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों युवकों ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया. सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा. प्रारंभिक जांच में हादसे की वजह बाइक की तेज रफ्तार बताया जा रहा है. पुलिस मर्ग कायम कर दुर्घटना के सभी पहलुओं की जांच कर रही है.

सोनम की जमानत रद्द कराने सुको पहुंची मेघालय सरकार

शीर्ष अदालत में चुनौती, शुक्रवार को हो सकती है सुनवाई

नव भारत न्यूज

इंदौर. बहुचर्चित राजा रघुवंशी हत्याकांड में अब कानूनी लड़ाई सुप्रीम कोर्ट तक पहुंच गई है. मेघालय सरकार ने मुख्य आरोपी सोनम रघुवंशी को मिली जमानत रद्द कराने के लिए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है. मामले में शुक्रवार को सुनवाई होने की संभावना है. राजा रघुवंशी के भाई विपिन रघुवंशी ने बताया कि परिवार को उम्मीद है कि शीर्ष अदालत इस मामले में उचित फैसला देगी.

जांच के दौरान कुछ आरोपियों को अदालत से जमानत मिल गई, जिनमें सोनम रघुवंशी भी शामिल है. सोनम के जेल से बाहर आने के

राजा रघुवंशी हत्याकांड

बाद से मृतक राजा रघुवंशी के परिजन लगातार जमानत का विरोध कर रहे हैं. उनका कहना है कि हत्या जैसे गंभीर मामले में आरोपी का जमानत पर बाहर रहना न्यायहित में नहीं है. सूत्रों के अनुसार, सबसे पहले जमानत आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दी गई थी, लेकिन वहां से राहत नहीं मिलने के बाद अब मेघालय सरकार ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है. सरकार ने याचिका में सोनम की जमानत निरस्त करने का आग्रह किया है.

> वहीं राजा रघुवंशी के भाई विपिन रघुवंशी ने बताया कि मेघालय सरकार ने सोनम रघुवंशी की जमानत रद्द कराने के लिए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है . उन्होंने उम्मीद जताई कि मामले में शुक्रवार को सुनवाई हो सकती है . विपिन ने कहा कि परिवार चाहता है कि हत्या के सभी आरोपियों को उनके अपराध के अनुरूप कड़ी सजा मिले .

हरि फाटक से रेलवे ब्रिज तक रेंग रहे वाहन, पुल पार करने में छूट रहे पसीने

महू. स्थानीय हरि फाटक चाट चौपाटी क्षेत्र की ट्रैफिक व्यवस्था अब आम जनता के लिए जी का जंजाल बन चुकी है. जाम का दायरा अब सिर्फ चौराहे तक सीमित नहीं है, बल्कि यह हरि फाटक चौपाटी से लेकर सीधे रेलवे ब्रिज तक फैल रहा है. शाम के समय हालात इतने बदतर हो जाते हैं कि वाहन चालकों को महज यह छोटा सा रेलवे ब्रिज पार करने में ही घंटों का समय लग रहा है. सड़क संकरी होने और चौपाटी के पास वाहनों के गलत तरीके से खड़े होने के कारण रेलवे ब्रिज के ऊपर और नीचे दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतारें लग जाती हैं. पुल पर चढ़ने और उतरने वाले वाहन आमने-सामने फंस रहे हैं. इसके कारण एम्बुलेंस जैसी आपातकालीन सेवाएं भी इस पूरे स्ट्रेच मार्ग पर अटक कर रह जाती हैं. स्थानीय निवासियों का कहना है कि शाम के समय यहाँ पैर रखने की जगह नहीं होती, लेकिन इस व्यस्त चौराहे और ब्रिज की व्यवस्था को संभालने के लिए सिर्फ दो ट्रैफिक पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाई जाती है. कम बल होने के कारण स्थिति हाथ से बाहर हो जाती है. बारिश शुरू होते ही सड़क पर वाहनों की कतारें और लंबी हो जाती हैं. ईंट के भट्टों से आने वाले ट्रैक्टर-ट्रॉली भी बेतरतीब ढंग से बीच रास्ते में आकर जाम को और गंभीर बना देते हैं.

गवाही देने वाले युवक और महिला वकील को जान से मारने की धमकी

नव भारत न्यूज

इंदौर. शहर में दो अलग अलग मामलों में जान से मारने और गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी देने के प्रकरण सामने आए हैं. एक मामले में हत्या के केस के गवाह को अदालत में बयान देने के कुछ घंटे बाद फोन कर गवाही बदलने का दबाव बनाया, जबकि दूसरे मामले में पारिवारिक विवाद के चलते एक महिला अधिवक्ता को एसिड फेंकने और गोली मारने की धमकी देने का आरोप लगा है. दोनों मामलों में पुलिस ने शिकायत के आधार पर प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

पहला मामला रावजी बाजार थाना क्षेत्र का है. थाना प्रभारी उमेश यादव ने बताया कि गाड़ी अड्डा निवासी करण धीमान अपने दोस्त राज कुशवाह की हत्या के मामले में गवाह है. बुधवार को उसने जिला न्यायालय में बयान दर्ज कराए

एक मामले में हत्या के गवाह पर बयान बदलने का दबाव

दूसरे में अधिवक्ता को एसिड फेंकने और गोली मारने की धमकी

थे. आरोप है कि शाम को उसके मोबाइल पर एक कॉल आया, जिसमें कॉल करने वाले ने खुद को हत्या के आरोपी के भाई के रूप में परिचित कराया. पहले कोर्ट में दिए गए बयान का हवाला देते हुए बातचीत की गई और बाद में दोबारा फोन कर करण व उसके एक साथी को जान से मारने की धमकी देने के साथ गवाही बदलने का दबाव बनाया. इसके बाद करण ने रावजी बाजार थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई, जिस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया. वहीं दूसरा मामला गांधी नगर थाना क्षेत्र का है. थाना प्रभारी अनिल यादव ने बताया कि यहां महिला अधिवक्ता विनीता गुर्जर ने चार लोगों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है. उनका आरोप है कि पारिवारिक विवाद के चलते आरोपियों ने पहले उनके पति से विवाद किया और विरोध करने पर मारपीट करते हुए एसिड फेंकने तथा गोली मारने की धमकी दी. घटना के बाद महिला अपने पति के साथ थाने पहुंची और लिखित शिकायत दी, जिसके आधार पर पुलिस ने संबंधित आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. दोनों मामलों में पुलिस धमकी देने के आरोपों की जांच कर रही है. एक मामले में कॉल डिटेल और अन्य तकनीकी साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं, जबकि दूसरे मामले में दोनों पक्षों के बयान लेकर घटनाक्रम की पड़ताल की जा रही है.

आईपीएम में इंदौर का दम 28 हजार अभ्यर्थी हुए शामिल

150 सीटों के लिए कड़ी प्रतिस्पर्धा, शहर के छह विद्यार्थियों ने बनाई जगह

नवभारत न्यूज़

इंदौर. भारतीय प्रबंधन संस्थान आईआईएम इंदौर के पांच वर्षीय इंटीग्रेटेड प्रोग्राम इन मैनेजमेंट आईपीएम के अंतिम परिणाम गुरुवार को घोषित कर दिए गए. देशभर के लगभग 28 हजार अभ्यर्थियों के बीच हुई प्रतिस्पर्धा में इंदौर के विद्यार्थियों ने उल्लेखनीय प्रदर्शन किया। शहर के आरव माले ने ऑल इंडिया रैंक एआईआर-2 हासिल कर प्रदेश का नाम रोशन किया, जबकि इंदौर के कुल छह विद्यार्थियों का चयन इस प्रतिष्ठित कार्यक्रम के लिए हुआ है.

आईपीमैट परीक्षा 4 मई को आयोजित की गई थी. लिखित परीक्षा के आधार पर केवल 830 अभ्यर्थियों को पर्सनल इंटरव्यू के लिए आमंत्रित किया गया. 22 से 25 जून के बीच इंटरव्यू प्रक्रिया पूरी होने के बाद अंतिम रूप से 150 विद्यार्थियों का चयन किया गया. इंदौर से चयनित विद्यार्थियों में आरव माले, अकमल बंगलेवाला, देवांश अग्रवाल, दिव्य लुणावत, अथर्व हार्डिया और मान गोयल शामिल हैं.

11वीं से बनाई रणनीति, पहले अंतिम चयन में परीक्षा और इंटरव्यू दोनों की अहम भूमिका

आईपीमैट विशेषज्ञ अजय बंसल ने बताया कि चयन प्रक्रिया दो चरणों में पूरी होती है. पहले चरण में लिखित परीक्षा के माध्यम से क्वांटिटेटिव एबिलिटी और वर्बल एबिलिटी का मूल्यांकन किया जाता है, जबकि दूसरे चरण में पर्सनल इंटरव्यू के जरिए शैक्षणिक प्रदर्शन, विषयों की समझ, सामान्य ज्ञान और व्यक्तित्व का आकलन किया जाता है. उन्होंने बताया कि अंतिम मेरिट तैयार करने में लिखित एप्टीट्यूड टेस्ट को 65 प्रतिशत और पर्सनल इंटरव्यू को 35 प्रतिशत वेटेज दिया जाता है. इसलिए केवल परीक्षा में अच्छे अंक पर्याप्त नहीं होते, बल्कि इंटरव्यू में प्रभावी प्रदर्शन भी सफलता के लिए समान रूप से महत्वपूर्ण होता है.

प्रयास में मिली सफलता

देश में दूसरा स्थान हासिल करने वाले आरव माले ने बताया कि उन्होंने 11वीं कक्षा से ही आईपीमैट की तैयारी शुरू कर दी थी . शुरुआती एक वर्ष उन्होंने केवल बुनियादी अवधारणाओं को मजबूत करने पर ध्यान दिया . इसके बाद 12वीं कक्षा में नियमित अभ्यास, मॉक टेस्ट और समयबद्ध तैयारी को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाया . इसी निरंतरता का परिणाम रहा कि पहले ही प्रयास में उन्हें आईआईएम इंदौर में प्रवेश मिल गया . आरव ने बताया कि उनकी रुचि भविष्य में फाइनेंस, मैनेजमेंट कंसल्टिंग और इन्वेस्टमेंट बैंकिंग जैसे क्षेत्रों में करियर बनाने की है . उनका मानना है कि इन क्षेत्रों में टीम के साथ काम करने और बड़े स्तर पर निर्णय लेने के पर्याप्त अवसर मिलते हैं .

अस्पताल संचालक का ड्राइवर 25 लाख लेकर फरार

इंदौर. लसूड़िया थाना क्षेत्र में एक अस्पताल संचालक के ड्राइवर पर कार में रखे 25 लाख रुपए नकद लेकर फरार होने का आरोप लगा है. पुलिस ने आरोपी के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है.

निपानिया में रहने वाले एक अस्पताल के संचालक मनीष संघवी बैंक में जमा कराने के लिए करीब 25 लाख रुपए कार में रखकर एक जरूरी काम से चले गए थे. इसी दौरान उनके साथ मौजूद ड्राइवर दीपक सोलंकी ने कार में डीजल खत्म होने की बात कही. कुछ देर बाद लौटने पर कार तो मौके पर मिली, लेकिन ड्राइवर गायब था. उसका मोबाइल भी बंद मिला. इस पर डॉक्टर ने दूसरी चाबी से कार खोली तो उसमें रखी नकदी भी नहीं मिली. शिकायत के आधार पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है.

नकली नोट खपाने के आरोप में महिला गिरफ्तार

इंदौर. गांधी नगर पुलिस ने नकली नोटों के मामले में कार्रवाई करते हुए एक महिला को गिरफ्तार किया है. आरोपी से पूछताछ कर नकली नोटों के स्रोत, सप्लायर और उन्हें कहां खपाया जाना था, इसकी जानकारी जुटाई जा रही है.

गिरफ्तार महिला का नाम 55 वर्षीय कुसुम पति शंकर चौहान निवासी बड़वानी बताया गया है. पुलिस को पूछताछ में नकली नोटों को लेकर कई अहम जानकारियां सामने आने की उम्मीद है. पुलिस पूरे नेटवर्क की पड़ताल में जुटी है. मामले में विवेचक एसआई विकास ने बताया कि महिला को गिरफ्तार कर पूछताछ की जा रही है. जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी.

स्कूलों में सुविधाओं को लेकर उच्च न्यायालय ने केंद्र और राज्य सरकार से मांगा जवाब

इंदौर. म.प्र.राज्य में 16 जून से नवीन शैक्षणिक सत्र प्रारम्भ हो चुका है लेकिन यहां के विद्यार्थियों को वर्तमान में मूलभूत एवं बुनियादी सुविधाएं भी नहीं मिल पा रही है. इसी गंभीर मुद्दे को लेकर म.प्र. उच्च न्यायालय की इंदौर खण्डपीठ में दायर जनहित याचिका की सुनवाई पश्चात् न्यायमूर्ति सुबोध अभ्यंकर एवं न्यायमुर्ति आलोक अवस्थी की बैंच ने राज्य एवं केन्द्र शासन को सूचना पत्र जारी कर 17 अगस्त तक जवाब तलब किया है.

सेंधवा के सामाजिक कार्यकर्ता एवं अधिवक्ता बी.एल.जैन द्वारा प्रस्तुत जनहित याचिका की सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता के अधिवक्ता अभिषेक तुगनावत ने न्यायालय को बताया कि वर्तमान में प्रदेश में 40 प्रतिशत शिक्षकों के पद रिक्त है. भारतीय संविधान के अनुच्छेद 45 के तहत शिक्षा का

अधिकार अधिनियम 2009 मे 6 से 14 वर्ष की आयु के प्रत्येक बच्चे को मुफ्त और अनिवार्य प्राथमिक शिक्षा को प्रदान करने की जिम्मेदारी राज्यों को दी गई है. लेकिन प्रदेश शासन की वर्तमान व्यवस्थाएं हमारे देश के नौनिहालों के भविष्य के प्रति गंभीर नहीं है जिससे बच्चों के मौलिक अधिकारों का खुला उल्लंघन हो रहा है. न्यायालय को बताया गया कि भारत के नियत्रंक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) की वर्ष 2025 की रिपोर्ट जो म.प्र. विधानसभा में फरवरी 2026 मे प्रस्तुत की गई उसके मुताबिक प्रदेश की शिक्षा की गुणवत्ता बिगड़ने के साथ बुनियादी ढांचा भी ध्वस्त नजर आया. प्रदेश में 2 लाख 89 हजार शिक्षकों के पद स्वीकृत है. इसमें 1 लाख 15 हजार 678 पद रिक्त है. प्रदेश के 83 हजार 514 स्कूलों में से 5 हजार स्कूलों के भवन बच्चों के लिये सुरिक्षत नहीं होकर जर्जर है. 1895 स्कूल तो ऐसे हैं जहां 1 भी शिक्षक नहीं है. अनगिनत समस्याओ के बीच चौकाने वाला आंकड़ा यह है कि पिछले 10 वर्षो में 1ली से 12वीं तक में 22 लाख 3 हजार विद्यार्थियों की कमी शासकीय स्कुलों में दर्ज की गई है. याचिकाकर्ता के अधिवक्ता द्वारा न्यायालय के समक्ष प्रदेश के नौनिहालो के सुनहरे भविष्य के लिये एवं संविधान द्वारा प्रदत्त अधिकारो के पालन को सुनिष्चित करवाने की गुहार लगाई गई है. सुनवाई पश्चात् न्यायालय ने केन्द्र एवं राज्य सरकार को 17 अगस्त तक जवाब प्रस्तुत करने हेतु सुचना पत्र जारी किये है.

खजराना गणेश मंदिर में चल रहा विकास कार्य

श्रद्धालुओं को मिलेंगी बेहतर सुविधाएं ...

इंदौर. खजराना गणेश मंदिर में इन दिनों विकास कार्य तेज़ी से चल रहा है। मंदिर परिसर में खुदाई और निर्माण कार्य को देखकर कई श्रद्धालुओं के मन में सवाल उठ रहे हैं कि आखिर यह काम क्यों किया जा रहा है.

मंदिर के बाहर वर्षों से दुकान लगाने वाले बंधु यादव ने बताया कि यह निर्माण कार्य मंदिर के विकास और श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए किया जा रहा है. उनके अनुसार, सिंहस्थ 2028 की तैयारियों के तहत मंदिर का विस्तार किया जा रहा है. इसी योजना के तहत गर्भगृह के प्रवेश द्वार को चौड़ा किया जा रहा है, ताकि दर्शन के दौरान श्रद्धालुओं की आवाजाही आसान हो सके और भीड़ का दबाव कम किया जा सके. बंधु यादव ने बताया कि इसके अलावा दर्शन मार्ग को भी अधिक व्यवस्थित बनाया जा रहा है. मंदिर परिसर में आवश्यक निर्माण और सौंदर्यीकरण का कार्य भी जारी है, जिससे भविष्य में बड़ी संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिल सकें. फिलहाल निर्माण कार्य के बीच भी मंदिर में दर्शन व्यवस्था सामान्य रूप से जारी है. मंदिर समिति और प्रशासन की कोशिश है कि विकास कार्य के दौरान श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो. निर्माण



पूरा होने के बाद खजराना गणेश मंदिर पहले से अधिक व्यवस्थित और सुविधाजनक स्वरूप में श्रद्धालुओं के लिए तैयार होगा.

नवप्रवेशित विद्यार्थियों का भारतीय परंपरा से स्वागत

इंदौर. माँ कनकेश्वरी देवी शासकीय महाविद्यालय, इंदौर में नवीन शैक्षणिक सत्र 2026-27 के शुभारंभ पर प्रथम वर्ष के नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए इंडक्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया.पश्चात महाविद्यालय प्रशासन द्वारा भारतीय संस्कृति की परंपरा के अनुरूप नवप्रवेशित विद्यार्थियों का तिलक लगाकर आत्मीय स्वागत किया गया. कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि विधायक रमेश मेंदोला और मुख्य अतिथि के रूप में तथा प्रख्यात मनोचिकित्सक डॉ. गार्गी शर्मा उपस्थित रहीं.

विशिष्ट अतिथि विधायक रमेश मेंदोला ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यार्थी ही राष्ट्र का उज्ज्वल भविष्य हैं. उन्होंने विद्यार्थियों से शिक्षा को जीवन की सबसे बड़ी पूंजी मानते हुए निरंतर परिश्रम,अनुशासन और संस्कारों के

साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया. मुख्य अतिथि डॉ. गार्गी शर्मा ने विद्यार्थियों को सकारात्मक सोच, आत्मविश्वास एवं मानसिक स्वास्थ्य के महत्व से अवगत कराते हुए लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने की प्रेरणा दी. उन्होंने कहा किस्वस्थ मन, संतुलित जीवनशैली और सकारात्मक सोच ही सफलता की मजबूत आधारशिला हैं. जनप्रतिनिधि चंदू शिंदे ने भी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी. अध्यक्षीय उद्बोधन में मेजर डॉ. संजय सोहनी ने कहा कि महाविद्यालय विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है. महाविद्यालय की प्रशासनिक अधिकारी डॉ. स्मिता चैतन्य ने विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए विद्यार्थियों से महाविद्यालय की सभी शैक्षणिक एवं प्रशासनिक सुविधाओं का अधिकतम लाभ उठाने का आग्रह किया. कार्यक्रम के सह-संयोजक डॉ. निशांत मिश्रा ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की. डॉ. शैलेंद्र पिपरिया ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 एवं महाविद्यालय के कोड ऑफ कंडक्ट की जानकारी दी.

> **गतिविधियों की दी जानकारी**
>
> डॉ. बाऊ पटेल ने राष्ट्रीय सेवा योजना की गतिविधियों, डॉ. पुष्पा पठौते ने छात्रवृत्ति योजनाओं, डॉ. बबीता अग्रवाल ने खेल गतिविधियों तथा डॉ. प्रेमलता चौरसिया ने पुस्तकालय की सुविधाओं की जानकारी विद्यार्थियों को दी. कार्यक्रम का संचालन सह-संयोजक डॉ. निशांत मिश्रा ने किया तथा अंत में कार्यक्रम संयोजक डॉ. पुष्पा पठौते ने सभी अतिथियों, प्राध्यापकों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों के प्रति आभार व्यक्त किया.

एक नजर में ▶ शालिनी ताई मोघे व्याख्यान श्रृंखला का समापन, अनुराधा प्रभुदेसाई ने बच्चों में जगाया राष्ट्रसेवा का भाव

सेना के शौर्य प्रसंगों से कर्तव्य और देशभक्ति का दिया संदेश

इंदौर,. पद्मश्री स्वर्गीय शालिनी ताई मोघे की 15वीं पुण्यतिथि के अवसर पर बाल निकेतन संघ द्वारा आयोजित दो दिवसीय व्याख्यान श्रृंखला का समापन हुआ. कार्यक्रम के दूसरे और अंतिम दिन लक्ष्य फाउंडेशन, पुणे की संस्थापक अनुराधा प्रभुदेसाई ने विद्यार्थियों, शिक्षकों और उपस्थित नागरिकों को भारतीय सेना के अदम्य साहस, अनुशासन और राष्ट्रसेवा की प्रेरक गाथाओं से परिचित कराया. उन्होंने अपने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से कारगिल युद्ध सहित सीमाओं पर तैनात सैनिकों के संघर्ष, समर्पण और बलिदान के अनेक प्रेरक प्रसंग साझा किए, जिन्हें उपस्थित बच्चों और युवाओं ने अत्यंत भावुकता और उत्साह के साथ सुना.

अनुराधा प्रभुदेसाई ने कहा कि देश की सुरक्षा केवल सीमाओं पर तैनात सैनिकों की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का दायित्व है कि वह अपने जीवन में अनुशासन, ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा को अपनाए. सेना के जवान कठिन से कठिन परिस्थितियों में भी अपने कर्तव्य से पीछे नहीं हटते. यही अनुशासन और समर्पण प्रत्येक विद्यार्थी के जीवन का भी आधार बनना चाहिए. उन्होंने कहा कि यदि युवा अपने जीवन में अनुशासन और राष्ट्र के प्रति उत्तरदायित्व की भावना विकसित कर लें तो वे किसी भी क्षेत्र में सफलता प्राप्त कर सकते हैं।

उनके विचार आज भी मार्गदर्शक

बाल निकेतन संघ की सचिव डॉ. नीलिमा अदमणे ने कहा, दो दिनों तक चली इस व्याख्यान श्रृंखला ने शालिनी ताई मोघे के शिक्षा, सेवा और सामाजिक उत्तरदायित्व के विचारों को नई ऊर्जा के साथ समाज के सामने प्रस्तुत किया . हमें विश्वास है कि इस व्याख्यान श्रृंखला से प्राप्त विचार प्रतिभागियों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन का आधार बनेंगे . डॉ. अदमणे ने बड़े ताई को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा शालिनी ताई मोघे ने अपना संपूर्ण जीवन बाल शिक्षा, महिला सशक्तिकरण और समाजसेवा को समर्पित किया . उनके विचार और कार्य आज भी हमारे लिए मार्गदर्शक हैं .